एक नजर में

नवप्रभा संस्था ने की जल संरक्षण की पहल

सुवासरा। प्राचीन जल स्त्रोतों को संरक्षित करना हमारी जबावदारी है। आने वाले समय में जल संकट से बचाव में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये हमारी ऐतिहासिक धरोहरें है, जो जल को सहेजकर हमें जीवन देतीं है, हमें इनको सहेजकर नया जीवन देना है। यह प्रेरणा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में नवप्रभा सचिव टीना सोनी ने उपस्थित लोगों को दी। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव का आयोजन म0प्र0 जन अभियान परिषद के निर्देशन में सीतामऊ के सेक्टर सुवासरा में नवांकुर नवप्रभा सामाजिक संस्था द्वारा प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के उद्देश्य से जल स्त्रोत पूजन एवं बावड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर सखियों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से सामूहिक श्रमदान से जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कर वर्षों से जमा गंदगी को हटाकर पुन: उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया। साफ-सफाई के पश्चात ग्रामीणों एवं उपस्थित लोगों ने पारंपरिक विधि-विधान से बावड़ी का पूजन किया गया, रंगोली सजाई गई, गंगा आरती की गई तथा दीपदान कर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल है तो कल है एवं जल ही जीवन है जैसे संदेशों के माध्यम से पानी की प्रत्येक बूंद बचाने तथा प्राचीन जल धरोहरों की देखरेख करने की शपथ दिलाई। मंदिर के पुजारी आनंद शर्मा ने कहा कि प्राचीन बावड़ियां हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन्हें सुरक्षित रखने के लिए सामुदायिक सहभागिता एवं जनजागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश गुप्ता, भूपेंद्र जी एवं दशरथ जी का विशेष सहयोग रहा, प्रस्फुटन समिति अन्त्रलिया के करण परमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अदिती गर्ग ने किया ईवीएम वीवीपीएटी वेयर हाउस का निरीक्षण

मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अदिती गर्ग द्वारा जिले में स्थित ईवीएम वीवीपीएटी वेयर हाउस का निर्धारित त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस का ताला खोलकर कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित भंडारण कक्षों का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था एवं सीलिंग की स्थिति का परीक्षण किया गया। साथ ही लॉगबुक एवं प्रवेश रजिस्टर का सत्यापन कर रिकॉर्ड की जांच की गई। वेयर हाउस में अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं तथा सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की भी समीक्षा की गई।

संत कबीर महोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

- मेवाड़ धरा धर्म प्रमुख रोहित गोपाल भैया के मुखारविंद से भव्य भजन संध्या का हुआ आयोजन

मल्हारगढ़। कबीर महोत्सव के अवसर पर सदगुरु सेवा समिति और सर्व धर्म सेवा समिति द्वारा खाटू श्याम मंदिर से ढोल ढमाके के साथ संतो के सानिध्य में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर खाटू श्याम मंदिर समिति द्वारा संतों का सम्मान और पौधारोपण किया गया। शोभायात्रा में सभी संत और साध्वीया रथ में विराजमान होकर सबकों आशीर्वाद दे रहे थे।

श्री खाटू श्याम मंदिर पर अशोक राठौर, दिनेश पोरवाल, गोपाल भारती, आदेश, भैरूलाल राठौड़ के द्वारा संतों का स्वागत किया गया। खाटू श्याम मंदिर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। बस स्टैंड पर सद्भावना समिति अध्यक्ष छगनलाल तंवर, समाजसेवी ओमप्रकाश बटवाल, विधायक प्रतिनिधि रमेशचंद्र विजयवर्गीय, पत्रकार राधेश्याम बैरागी, प्रेस क्लब अध्यक्ष अशोक कुमार दक, पत्रकार चंदू अग्रवाल, पूर्व सभापति हेमंत गुप्ता, पार्षद दिलीप तिवारी, समाजसेवी विष्णु भारती,लियाकत मेव, खलील भाई पठान, इमरान मेव ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया! शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई अंबेडकर मांगलिक भवन पहुंची जहां संत शोधकर साहब छत्तीसगढ़, संत असीम साहब सुवासरा, संत कृष्णा साहब नागदा, साध्वी ललित साहब रतलाम, साध्वी महिमा साहब रतलाम, साध्वी भुवनेश्वरी देवी साहब मनासा, साध्वी दीपमाला साहब नावन खेड़ी, साध्वी राधा साहब ब्यावरा, साध्वी सुरक्षा साहब रतलाम, और मालवा मेवाड़ के प्रसिद्ध कथा वाचक रोहित गोपाल भैया दिल्ली मंचासीन थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, समाजसेवी ओमप्रकाश बटवाल पत्रकार राधेश्याम बैरागी, पत्रकार चंदू कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम के संयोजक अशोक खींची ने सभी संतों का पुष्पमाला के साथ शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

इस अवसर पर संतवाणी कबीर वाणी के माध्यम से समाज को कबीर साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी संतो ने कहा कि सत्य ईमानदारी और समर्पित भावनाओं के साथ समाज और अपने परिवार के वृद्धजनों की समर्पित भावना के साथ सेवा करना चाहिए। कार्यक्रम में कबीर संतों द्वारा देर रात तक भजनों की प्रस्तुति की शानदार प्रस्तुति दी।

सतर्कता और सुगमता के साथ संपन्न कराएं नीट परीक्षा : कलेक्टर गर्ग

मंदसौर। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर कलेक्टर अदिती गर्ग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परीक्षा केंद्रों के एग्जाम कोऑर्डिनेटर एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्कता एवं सुगमता के साथ परीक्षा संपन्न कराने तथा विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिले में नीट परीक्षा चार केंद्रों लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट उमावि मंदसौर, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंदसौर तथा राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मंदसौर में आयोजित होगी। परीक्षा में लगभग 1240 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों का प्रवेश प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगा तथा परीक्षा दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभिभावकों के बैठने हेतु समुचित वेटिंग एरिया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की वाहन पार्किंग एवं अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा। चेकिंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रखने, सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे संचालित रखने, बायोमेट्रिक ई-मशीनों के सुचारू संचालन तथा सभी केंद्रों पर जैमर स्थापित कर निर्देश दिए।

नूतन स्टेडियम में होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिलास्तरीय आयोजन 21 जून को

मंदसौर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून 2026 को प्रात: 5.30 बजे से 8 बजे तक नूतन खेल परिसर स्टेडियम, मंदसौर में किया जाएगा।

जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा तथा योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में विभिन्न जागरूकता एवं योग संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता करने तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की गई है। जिला आयुष अधिकारी ने सभी नागरिकों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

थाना भानपुरा में आगामी मोहर्रम पर्व के संबंध में शांति समिति की बैठक

भानपुरा। आज थाना भानपुरा परिसर में आगामी मोहर्रम एवं ताजिया पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नायब तहसीलदार भानपुरा सुनील अग्रवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी, सब इंस्पेक्टर बापूसिंह बामनिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं सदस्यगण, अंजुमन कमेटी भानपुरा के सदर मोहसिन कुरैशी, ताजिया कमेटी के पदाधिकारी, विभिन्न अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के सम्मानितजन उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस मुख्यालय एवं मध्य प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशों से सभी उपस्थितजनों को अवगत कराया गया।

निर्देशित किया गया कि ताजिया जुलूस संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही निकाले जाएं, निर्धारित मार्ग एवं समय का पालन किया जाए तथा पुलिस एवं प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। ताजियों के मध्य समुचित समन्वय एवं संपर्क व्यवस्था बनाए रखने, एक के बाद एक व्यवस्थित रूप से संचालित करने तथा जुलूस के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने पर विशेष बल दिया गया। अखाड़ों में किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित हथियारों अथवा खतरनाक प्रदर्शन सामग्री के उपयोग पर रोक रखने, लंगर एवं छबील स्थलों पर स्वच्छता एवं साफ-सफाई बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था के प्रति सजग रहने हेतु भी निर्देश दिए गए। विशेष रूप से ताजिया कमेटी, अखाड़ा समिति एवं छबील आयोजकों को अपने-अपने कम से कम 10-10 स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) की सूची मोबाइल नंबर सहित थाना भानपुरा में प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। इन स्वयंसेवकों की एक समान ड्रेस कोड होगी जिन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे पर्व के दौरान बेहतर समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। बैठक में उपस्थित सभी धर्म समुदाय, समिति पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शासन-प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के वातावरण में मनाने का आश्वासन दिया। थाना भानपुरा पुलिस द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई कि वे शांति एवं सद्भाव बनाए रखते हुए प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

यूसीए फ्यूचर स्टार्स अंडर-15 टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

मंदसौर। युनिक क्रिकेट अकादमी मंदसौर द्वारा आयोजित युसीए फ्यूचर स्टार्स अंडर-15 टी-20 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के युवा क्रिकेट खिलाि?यों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करना एवं उनकी प्रतिभा को निखारना था। टूर्नामेंट में कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें यूनिक पैंथर्स, यूनिक टाइगर्स, यूनिक वॉरियर्स, यूनिक मेवरिक्स एवं यूनिक रॉयल्स शामिल थीं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला यूनिक पैंथर्स एवं यूनिक टाइगर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूनिक पैंथर्स की टीम 16.1 ओवर में 77 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से साबिर ने 21 रन, वीर सिंह भदौरिया ने 20 रन एवं दिव्यांश ने 10 रन का योगदान दिया। यूनिक टाइगर्स की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए नक्श परमार ने 4 विकेट, विशेष पटेल ने 2 विकेट तथा दक्ष परिहार ने 1 विकेट हासिल किया। 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूनिक टाइगर्स की टीम ने 14.3 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 82 रन बनाकर 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। टीम की जीत में अनुराग पाटीदार ने नाबाद 30 रन तथा दक्ष परिहार ने नाबाद 10 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

मंदसौर। नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि मंदसौर में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद प्रमिला गोयल एवं प्राचार्य के. सी. सोलंकी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, नव प्रवेशित छात्राओं को पुष्पमाला पहनकर तिलक लगाकर सम्मान किया गया। प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने अतिथि गोयल का स्वागत किया तत्पश्चात् प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों जैसे खेल गतिविधि साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही बालिकाएं कठिन परिश्रम कर विद्यालय को गौरवान्वित करती हैं।

नीमच

एक नजर में

मनस्वी जैन फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट

नीमच। शहर की होनहार मनस्वी जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मनस्वी, सुनील जैन (कटारिया) की पुत्री है। उन्होंने अपनी बी.कॉम एवं सीए की शिक्षा मुंबई से पूर्ण की तथा कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की। मनस्वी की इस सफलता से परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। उनकी उपलब्धि पर समाजजनों एवं परिचितों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए बधाई प्रेषित की है।

भारत विकास परिषद शाखा नीमच का सात दिवसीय योग शिविर जारी

नीमच। सेवा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी भारत विकास परिषद, मुख्य शाखा नीमच द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का सफल संचालन निरंतर जारी है। यह योग शिविर 15 जून से प्रारंभ होकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक आईएफके एकेडमी, टीआईटी कॉलोनी के पास, बीएसएनएल रोड, नीमच में प्रतिदिन प्रात: 6:30 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। योग शिक्षिका रिमझिम मंगल द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित दिनचर्या में योग को शामिल करने से शरीर स्वस्थ, सशक्त एवं ऊर्जावान बना रहता है तथा अनेक शारीरिक व्याधियों से बचाव होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने की आदत विकसित करनी चाहिए तथा प्रात :काल शीघ्र उठकर अपने स्वास्थ्य के लिए समय देना चाहिए। यदि हम प्रतिदिन अपने शरीर को एक घंटा देते हैं, तो शरीर हमें स्वस्थ जीवन एवं भरपूर ऊर्जा के रूप में उसका प्रतिफल देता है। शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के प्राणायाम एवं योग क्रियाओं का भी अभ्यास कराया जा रहा है। परिषद के सदस्यों के साथ-साथ नगर के अनेक नागरिक भी उत्साहपूर्वक योग शिविर में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिदिन प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के जूस एवं अंकुरित आहार का वितरण भी किया जा रहा है।

मानसून की सुस्त चाल से अटकी बोवनी नीमच जिले में खेतों से हुई नमी गायब

नीमच। प्रदेश में मानसून की धीमी रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। समय पर बारिश नहीं होने से खरीफ सीजन की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं और कई क्षेत्रों में बोवनी का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। विशेष रूप से बारिश आधारित खेती करने वाले किसानों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पर्याप्त नमी के अभाव में किसान खेत तैयार कर मानसून का इंतजार कर रहे हैं, जबकि कृषि विशेषज्ञ जल्दबाजी में बोवनी नहीं करने की सलाह दे रहे हैं।

प्रदेश में सामान्य से करीब 37 प्रतिशत कम वर्षा: मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति धीमी पड़ने से जून माह के पहले 17 दिनों में सामान्य से काफी कम वर्षा दर्ज की गई है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 1 जून से 17 जून के बीच औसतन 41.6 मिमी वर्षा होना चाहिए थी, लेकिन अब तक केवल लगभग 26 मिमी बारिश ही रिकॉर्ड की गई है। इस प्रकार प्रदेश में सामान्य से करीब 37 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। हालांकि प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में नीमच जिले में इस वर्ष प्री-मानसून बारिश अपेक्षाकृत बेहतर रही है। पिछले वर्ष जहां इस अवधि में जिले में औसतन 1.9 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई थी, वहीं इस वर्ष अब तक 2.6 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। इसके बावजूद कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि बोवनी के लिए यह वर्षा पर्याप्त नहीं है।

खेतों में स्थायी नमी बनने के लिए कम से कम 4 इंच बारिश आवश्यक मानी जाती है।

37 प्रतिशत कम बारिश ने बढ़ाई चिंता

मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से 17 जून के बीच प्रदेश में औसतन 41.6 मिमी बारिश होना चाहिए थी, लेकिन अब तक केवल लगभग 26 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार प्रदेश में सामान्य से करीब 37 प्रतिशत कम बारिश हुई है। सबसे खराब स्थिति अलीराजपुर जिले की है, जहां अब तक एक भी बारिश रिकॉर्ड नहीं हुई है। इसके अलावा बालाघाट, दमोह, कटनी, मैहर, रीवा, शहडोल, टीकमगढ़, बड़वानी, भिंड, दतिया, धार और खरगोन सहित कई जिलों में आधा इंच से भी कम वर्षा दर्ज की गई है।

55 वर्षीय व्यक्ति ने किया जहरीला पदार्थ का सेवन उपचार के दौरान हुई मौत

मनासा। मनासा थाना क्षेत्र के ग्राम भाटखेड़ी में एक व्यक्ति द्वारा अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने का मामला सामने आया है। जहरीला पदार्थ खाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उन्हें कनावटी स्थित ज्ञानोदय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान तीसरे दिन व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान नानूराम पिता पन्नालाल (55 वर्ष) जाति भोई निवासी ग्राम भाटखेड़ी के रूप में हुई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उन्होंने यह कदम किन कारणों से उठाया।

जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को 6 महीने का सश्रम कारावास

नीमच। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला नीमच रूपल गुप्ता द्वारा जिला दण्डाधिकारी, नीमच के जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी शाहबुद्दीन उर्फ पपड़ी पिता फकीर मोहम्मद कुरैशी, उम्र-35 वर्ष, निवासी-मूलचंद मार्ग, जिला नीमच को धारा 14 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के अंतर्गत 06 माह के सश्रम कारावास व 500 रुपए जुर्माना भी लगाया है।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं विपिन मण्डलोई द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में जिला दण्डाधिकारी, नीमच द्वारा आरोपी शाहबुद्दीन उर्फ पपड़ी के विरूद्ध जिला नीमच में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने व उसके विरूद्ध कई आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण उसके विरूद्ध जिलाबदर का आदेश पारित करते हुवे उसको आदेश दिनांक 03.10.2023 से आगामी 6 माह तक जिला नीमच, मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन व देवास की राजस्व सीमा में प्रवेश किये जाने पर प्रतिबंधित किया गया था।

जानकारी अनुसार 06.11.2023 को प्रधान आरक्षक श्रीपाल सिंह ने मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी को खारीकुआ पर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जिलाबदर के आदेश के उल्लंघन का दोषी पाकर उसके विरूद्ध थाना नीमच में अपराध पंजीबद्ध कर आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में फरियादी प्रधान आरक्षक व सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया.

गोमाबाई नेत्रालय में जटिल नेत्र सर्जरी से युवक को मिली नई रोशनी

नीमच। राजस्थान के गुलाबपुरा निवासी 27 वर्षीय दिनेश की आंख में गंभीर चोट लगने से आंख का रेटिना (पर्दा) क्षतिग्रस्त हो गया था तथा आंख के भीतर कण (Intraocular Foreign Body) पहुंच गया था। इसके कारण उनकी दृष्टि प्रभावित हो गई थी। गोमाबाई नेत्रालय, नीमच में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों एवं रेटिना विशेषज्ञ की टीम द्वारा जांच के बाद पहली सर्जरी में आंख के भीतर मौजूद कण को निकालने, रेटिना (पर्दा) का ऑपरेशन करने तथा मोतियाबिंद निकालने की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इस सर्जरी का मुख्य उद्देश्य आंख को सुरक्षित रखना और दृष्टि को बचाना था। सर्जरी के बाद आंख की स्थिति में लगातार सुधार हुआ। इसके लगभग चार माह बाद दृष्टि को और अधिक बेहतर बनाने के लिए दूसरे चरण में लेंस प्रत्यारोपण सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। दोनों सर्जरियों के सकारात्मक परिणामस्वरूप दिनेश की दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब वे अपने दैनिक कार्य सहजता से स्वयं कर पा रहे हैं और सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। लाभान्वित युवक एवं उनके परिजनों ने सफल एवं किफायती उपचार के लिए गोमाबाई नेत्रालय के चिकित्सकों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

एक नजर — **दो दिन में कमियां दूर करने के निर्देश**

स्कूल बसों में सुरक्षा व्यवस्था पर यातायात पुलिस सख्ती

नीमच। जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी सूबेदार सोनू बड़गुर्जर और उनकी टीम ने बुधवार को ज्ञानोदय स्कूल नीमच में संचालित स्कूल बसों एवं अन्य स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया प्रकरण में जारी दिशा-निर्देशों के पालन की समीक्षा की गई। यातायात पुलिस ने बसों में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, गति नियंत्रक यंत्र (स्पीड गवर्नर), जीपीएस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, वाहन फिटनेस, बीमा दस्तावेज एवं चालकों के लाइसेंस सहित विभिन्न सुरक्षा मानकों की जांच की। कुछ स्कूल वाहनों में निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप व्यवस्थाएं पूर्ण नहीं पाई गईं। इस पर स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे दो दिवस के भीतर सभी कमियों को दूर कर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित सभी स्कूलों के वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य है। किसी भी वाहन में कमी पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की प्रमुख गाइडलाइनसर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार स्कूल बसों का रंग पीला होना चाहिए तथा बस पर स्पष्ट रूप से स्कूल बस स्कूल का नाम और संपर्क नंबर अंकित होना आवश्यक है।